ने बुधवार को दो शराब कोचियों को गिरफ्तार किया और उनके पास से 50 पौव शराब के साथ बाइक को जप्त किया और न्यायालय में पेश किया जहां जनवरी तक के लिए न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजने के निर्देश दिए। मुखबिर से मिली सूचना के आधा पर मंदिरहसौद पुलिस ने विरेन्द्र कुमार बंजारे रे (42) को शराब बेचलते हुए गिरफ्तार किया और उनके पास से 50 पौव शराब के साथ ही उनकी मोटर सायकिल को जप्त किया। दोनों आरोपियों को कारी प्रथम वर्ग पवन कुमार अग्रवाल के न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें आगामी 19 जनवरी तक के लिए न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया

कोरिया

अम्बिकावाणी

बैकुण्ठपुर, बुधवार 13, जनवरी, 2021 08

# राष्ट्रीय सेवा योजना ने मनाई स्वामी विवेकानंद जी की जयंती





बैकुण्ठपुर (अम्बिकावाणी समाचार)/ भारत सरकार युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय नई दिल्ली से प्रायोजित एवं संत गहिरा गुरु विश्वविद्यालय अंबिकापुर द्वारा संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम समन्वयक डॉ0 अनिल कुमार सिन्हा एवं प्रो0 एम0सी0 हिम्धर जिला संगठक जिला कोरिया के मार्गदर्शन में शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय में आज दिनांक 12 जनवरी को राष्ट्रीय सेवा योजना के बैनर तले स्वामी विवेकानंद जी की जयंती को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया गया। सर्वप्रथम स्वामी विवेकानंद के चित्र तले प्राचार्य डॉ0 रंजना नीलिमा कच्छप एवं स्टॉफ द्वारा दीप प्रज्जवलित एवं पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम की शुरूआत की गयी। तत्पश्चात ऑनलाइन व ऑफलाइन माध्यम से निबंध विषय - राष्ट्र विकास में युवाओं की भूमिका तथा भाषण विषय - युवाओं के प्रेरणास्त्रोत स्वामी विवेकानंद पर निबंध एवं भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्राचार्य डॉ0 रंजना नीलिमा कच्छप द्वारा स्वामी जी के पद चिन्हों पर चलते हुए युवाओं को पूरे जोश व उमंग के साथ कार्य करने संबंधी विचार दिये गये तथा श्री के.जेड. उस्मानी ने स्वामी जी के किसी भी एक उद्देश्य को ध्यान में रखकर कार्य करने चाहे लक्ष्य हो, आत्मनिर्भरता हो या कर्तव्यनिष्ठा हो हेतु छात्रों को प्रेरित किया। डॉ0 कामिनी ने स्वामी जी के सिध्दांतों को अपनाते हुए आगे बढ़ने की बात कही। वहीं अल्फा एवं साक्षी ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम का संचालन डॉ0 कामिनी ने किया। श्री रितेश गुप्ता, श्री महेन्द्र कुमार कुर्रे, श्री भागवत प्रसाद साहू, श्रीमती मोनिका गौर, श्री सत्येन्द्र सिंह पैकरा एवं श्री विनयामिन लकड़ा ने सभी स्वयं सेवकों को बधाई व शुभकामनाएं दी। बड़ी संख्या में ऑनलाईन, ऑफलाइन प्रमान पत्र लेने वाली छात्राओं को सहभागिता रही।

**25 स्वयं सेवकों को भी प्रमाण पत्र वितरित** - कार्यक्रम के उपरांत सी प्रमाण पत्र का वितरण किया गया इसमें कु0 शक्ति, अल्फा, नीरा, ज्योति, बिंदु, किरन, उर्मिला, सावित्री, आरती एवं निशा कुल 10 स्वयं सेवकों को वितरित किया गया। इसी प्रकार 25 स्वयं सेवकों को बी प्रमाण पत्र वितरित किया गया। 21 स्वयं सेवकों को कोविड-19 लॉकडाउन के समय कोरोना के प्रति लोगों को जागरूक करने तथा मास्क बनाकर ग्रामीणों के बीच वितरित करने एवं बैकुण्ठपुर शहर के विभिन्न स्थलों पर सामाजिक दूरी बनाने एवं मास्क लगाने हेतु नागरिकों को प्रेरित करने के लिए युवा दिवस के अवसर पर प्रमाण पत्र प्राचार्य डॉ0 रंजना नीलिमा कच्छप एवं के.जेड. उस्मानी द्वारा वितरित किये गये।

AISHE C-9716


PRINCIPAL
GOVT. NAVEEN GIRLS COLLEGE
BAIKUNTHPUR, KOREA (C.G.)

कार्यक्रम अधिकारी
शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय
बैकुण्ठपुर, कोरिया (छ.ग.)

# शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय बैकुण्ठपुर

## राष्ट्रीय युवा दिवस पर कार्यक्रम एवं प्रमाण पत्र वितरण








AISHE C-9716

PRINCIPAL
GOVT. NAWEEN GIRLS COLLEGE
BAIKUNTHPUR, KOREA (C.G.)

कार्यक्रम अधिकारी
शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय
बैकुण्ठपुर, कोरिया (छ.ग.)

दैनिक भास्कर 27 नवम्बर 2020

## कॉलेज स्टाफ को दिलाई शपथ, ऑनलाइन क्लास से जुड़ीं छात्राएं




बैकुंठपुर| शासकीय गर्ल्स कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना के बैनर तले संविधान दिवस मनाया गया। कॉलेज की प्राचार्य डॉ. रंजना नीलिमा कच्छप ने कॉलेज स्टाफ को संविधान की प्रस्तावना का वाचन कर संविधान की शपथ दिलाई गई। इसमें ऑनलाइन क्लास से छात्राएं भी शामिल हुईं। इस दौरान महाविद्यालय के सभी स्टाफ केजेड उस्मानी, रितेश गुप्ता, महेन्द्र कुर्रे, भागवत प्रसाद साहू, मोनिका गौर व सत्येन्द्र सिंह पैकरा मौजूद थे।

कोरिया भास्कर 25/1/2021

ज्यों ही कथा पूर्ण हुई धुंधकारी को ... प्रसाद ग्रहण अवश्य करना चाहिए।

## बोस की जयंती पर कॉलेज में निबंध प्रतियोगिता आयोजित



प्रतियोगिता में मौजूद अतिथि व अन्य।

बैकुंठपुर| गर्ल्स कॉलेज में शनिवार को राष्ट्रीय सेवा योजना के बैनर तले सुभाष चंद्र बोस की 125वीं जयन्ती पराक्रम दिवस के रूप में मनाई गई।

कार्यक्रम में सुभाष चंद्र की तस्वीर पर प्राचार्य डॉ. रंजना नीलिमा कच्छप व स्टाफ ने पुष्पांजलि अर्पित की। इसके बाद स्वतंत्रता आंदोलन में उनके योगदान को याद किया। इस अवसर पर स्वतंत्रता आंदोलन में बोस के योगदान विषय पर ऑनलाइन निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई। कार्यक्रम में डॉ. अनिल सिन्हा, प्रो. एमसी हिमधर, डॉ. कामिनी, केजेड उस्मानी, रितेश गुप्ता, विपिन सिंह, महेन्द्र कुर्रे, भागवत प्रसाद साहू, मोनिका गौर, सत्येन्द्र सिंह पैकरा व बिनयामिन लकड़ा शामिल थे।

कोरिया भास्कर 26/1/21

कि बेटी को पढ़ाना ही बहुत नहीं है उसे सक्षम भी बनाना चाहिए। जिला ... मौजूद रहीं।

कोरिया भास्कर 26/1/2

## गर्ल्स कॉलेज में मतदाता दिवस पर छात्रों को शपथ दिलाई



मतदान प्रक्रिया से जोड़ने के लिए छात्रों को शपथ दिलाई गई।

बैकुंठपुर| संत गहिरा गुरु विश्वविद्यालय अंबिकापुर द्वारा संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम के तहत 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन कर छात्रों को मतदान प्रक्रिया से जुड़ने की शपथ दिलाई गई। इसमें बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं शामिल हुए।

कार्यक्रम समन्वयक डॉ. अनिल कुमार सिन्हा और जिला संगठक प्रो. एमसी. हिमधर ने बताया कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए जरूरी है कि मतदाता अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहें। छात्र देश के भविष्य की नींव रखते हैं। प्राचार्य डॉ. रंजना नीलिमा कच्छप द्वारा छात्राओं को मतदाता दिवस की जानकारी दी। वहीं केजेड. उस्मानी ने छात्रों, अधिकारी-कर्मचारियों को मतदान की शपथ दिलाया। इस अवसर पर डॉ. कामिनी, रितेश गुप्ता, विपिन सिंह, महेंद्र कुमार कुर्रे, भागवत प्रसाद साहू, मोनिका गौर, सत्येंद्र सिंह पैकरा, बिनयामिन लकड़ा उपस्थित रहे।

Govt. Naveen Girl's College AISHE C-9716 BAIKUNTHPUR

PRINCIPAL
GOVT. NAVEEN GIRLS COLLEGE
BAIKUNTHPUR, KOREA (C.G.)

कार्यक्रम अधिकारी
शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय
बैकुण्ठपुर, कोरिया (छ.ग.)

# शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय बैकुण्ठपुर





## पराक्रम दिवस



मतदाता दिवस पर शपथ



महात्मा गांधी निर्वाण दिवस





AISHE C-9716
Govt. Naveen Girls College
BAIKUNTHPUR

PRINCIPAL
GOVT. NAVEEN GIRLS COLLEGE
BAIKUNTHPUR, KOREA (C.G.)

कार्यक्रम अधिकारी
शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय
बैकुण्ठपुर, कोरिया (छ.ग.)

22 अगस्त 2019 हरिभूमि

नहीं थी। अब तक लोगों को मारने के बाद ... कर सायकल से घर जा रहा था। वह जैसे ही ... लरंग साय की मौत होने बाद भी दंतैल

# एकता और सद्भावना के लिए कार्य करने का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी जिला कलेक्टोरेट परिसर में भारत के पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न स्वर्गीय राजीव गांधी की जन्म दिवस पर सद्भावना दिवस के रूप में मनाया गया। जिला कलेक्टोरेट के अधिकारी-कर्मचारियों ने जाति, सम्प्रदाय, क्षेत्र, धर्म अथवा भाषा का भेद्भाव के बिना सभी भारतवासियों की भावनात्मक एकता और सद्भावना के लिए कार्य करने की शपथ ली। उन्होंने हिंसा का सहारा लिए बिना सभी प्रकार के मतभेद, बातचीत और संवैधानिक माध्यमों से सुलझाने की भी शपथ ली।

**खास बात**

■ कलेक्टोरेट में अधिकारी-कर्मचारियों ने ली शपथ

**सद्भावना दिवस मना- खड़गवां।** शासकीय मां महामाया महाविद्यालय खड़गवां में भारत वर्ष के 6 वें व सबसे युवा प्रधानमंत्री भारतरत्न स्वर्गीय राजीव गांधी का जन्मदिन पूरे हर्षोल्लास के साथ सद्भावना दिवस के रूप में मनाया गया। इसमें महाविद्यालयीन के छात्र-छात्राओं ने अपनी सहभागिता दिखाई।



राजीव जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में सद्भावना का शपथ लेते कॉलेज के विद्यार्थी।

## पर्यावरण हरा-भरा सुरक्षित बनाएं रखें

मुख्य सचिव तथा उच्चशिक्षा संचालनाय के निर्देशानुसार 20 अगस्त को देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी के जन्मदिन के अवसर पर महाविद्यालय में सद्भावना दिवस मनाया गया। इस अवसर पर सभी छात्राओं तथा अधिकारी-कर्मचारी ने सद्भावना की शपथ ग्रहण की। तत्पश्चात महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. रंजना नीलिमा कच्छप द्वारा छात्राओं को प्रकृति के महत्व से परिचित कराते हुए पर्यावरण हरा-भरा सुरक्षित बनाए रखने, प्रदूषण मुक्त रखने के बारे में बताया गया। इसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। वहीं भाषण प्रतियोगिता में अल्फा बड़ा, आशा तथा जया प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रही। गायन प्रतियोगिता में विद्या, संगीता तथा नीलम प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रही। इसी तरह नृत्य प्रतियोगितामें पूजा पड़वार ग्रुप, सोनिया ग्रुप तथा अंतू ग्रुप में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रहे। इस दौरान महाविद्यालयीन स्टॉफ डॉ. कामिनी, डीआर भोंसले, केजेड उस्मानी, रितेश गुप्ता, सत्येन्द्र सिंह पैकरा, बिनयामिन लकड़ा सहित काफी संख्या में छात्राएं उपस्थित रहीं।

PRINCIPAL
GOVT. NAVEEN GIRLS COLLEGE
BAIKUNTHPUR, KOREA (C.G.)

कार्यक्रम अधिकारी
शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय
बैकुण्ठपुर, कोरिया (छ.ग.)

Govt. Naveen Girls College
AISHE
C-9716
BAIKUNTHPUR

# शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय बैकुण्ठपुर

## विश्व रक्तदान दिवस दिनांक 01.10.2019







## गांधी जयंती दिनांक 02.10.2019









AISHE C-9716 BAIKUNTHPUR

PRINCIPAL
GOVT. NAVEEN GIRLS COLLEGE
BAIKUNTHPUR, KOREA (C.G.)

कार्यक्रम अधिकारी
शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय
बैकुण्ठपुर, कोरिया (छ.ग.)

भास्कर न्यूज 01 नवम्बर 2019

01 नवम्बर - 2019

# छात्रों व स्टाफ ने ली राष्ट्रीय एकता की शपथ




नवीन कन्या महाविद्यालय में एकता की शपथ लेती छात्राएं व विद्यालय स्टाफ।

भास्कर न्यूज़। बैकुंठपुर

शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना की ओर से सरदार बल्लभ भाई पटेल की जयंती राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाई गई। इस दौरान पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की पुण्य तिथि पर उन्हें याद कर उनको पुष्पांजलि अर्पित की गई। इसके बाद केजेड उस्मानी ने समस्त स्टाफ व छात्राओं को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई। राष्ट्रीय एकता पर व्याख्यान माला एवं परिचर्चा का आयोजन किया गया। प्रभारी प्राचार्य डॉ रंजना नीलिमा कच्छप ने कहा कि राष्ट्रीय एकता एवं अखण्डता को बनाए रखना हर एक की जिम्मेदारी है, इसलिए हम सभी मिलकर इसकी सुरक्षा के लिए अपना योगदान दें। कार्यक्रम का संचालन देवेंद्र मिश्रा ने किया। इसके साथ ही महाविद्यालय में कबड्डी व बालीवॉल खेल का भी आयोजन किया गया। जिसका संचालन अल्का दुबे एवं निकिता दुबे ने किया। कार्यक्रम में नासमा, दीपशिखा, सुनीता, मोनिका गौर, महेंद्र कुमार कुर्रे, बिनयामिन लकड़ा, सत्येंद्र सिंह पैकरा, शक्ति, अल्फा, किरण, नीरा, ज्योति उपस्थित रहीं।

Govt. Naveen Girl's College
AISHE
C-9716
BAIKUNTHPUR

PRINCIPAL
GOVT. NAVEEN GIRLS COLLEGE
BAIKUNTHPUR, KOREA (C.G.)

कार्यक्रम अधिकारी
शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय
बैकुण्ठपुर, कोरिया (छ.ग.)

नई दुनिया 19 जनवरी 2020

खरीदी केन्द्र में प्रशासनिक अधिकारियों जिलाध्यक्ष कृष्णबिहारी जायसवाल, पूर्व धान का अनुविभागीय अधिकारी द्वारा

नई दुनिया - 19 जनवरी 2020

# सड़क सुरक्षा सप्ताह समाप्त जिला मुख्यालय में स्थिति जस की तस

बैकुंठपुर (नईदुनिया न्यूज)। व्यवस्था में परिवर्तन का दावा फिर भी स्थिति जस की तस महगाई की मार से मर रही जनता के पैसे की फजूल बर्बादी का उदाहरण सड़क सुरक्षा सप्ताह में देखने को मिला जहां तमाम तामझाम करने के बाद भी कोरिया जिला मुख्यालय बैकुन्ठपुर की सड़को पर ही सुरक्षा कहीं नजर नहीं आता है। न तो सड़क पर हेलमेट वाले ही नजर आ रहे हैं और न ही यातायात विभाग तीन सवारी पर रोक लगाते ही दिख रही है। अलबत्ता भारत सरकार सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय नई दिल्ली के आदेशानुसार पुलिस मुख्यालय रायपुर के निर्देशन पर 31 वां राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा सप्ताह 2020 का गरिमामयी समापन समारोह शुक्रवार को रक्षित केंद्र बैकुंठपुर में आयोजित हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कलेक्टर कोरिया डोमन सिंह, विशिष्ट अतिथि वन मण्डलाधिकारी इमोतेमस आओ, मुख्य स्वास्थ्य एवं चिकित्सा अधिकारी डॉ. रामेश्वर शर्मा रहे। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की छाया चित्र पर दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण कर किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय एवं महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं हेतु आयोजित प्रतियोगिताओं के विजेता प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र एवं पुरस्कार का वितरण, सड़क सुरक्षा सप्ताह के दौरान विशेष सहयोग प्रदान करने वालों, चिकित्सकों एवं गुड सेमैरिटन को सम्मानित किया गया। गौरतलब है, कि विगत सात दिनों तक चले सड़क सुरक्षा सप्ताह में विविध प्रकार के आयोजन किए गए जिसके अंतर्गत वाहन चालकों का नेत्र व स्वास्थ्य परीक्षण, लर्निंग ड्राइविंग लाइसेंस कैंप, ग्रीन कार्ड कैंप, विद्यालयीन छात्र छात्राओं हेतु विविध प्रतियोगिताओं का आयोजन, विभिन्न शैक्षिक संस्थाओं में छात्रों को यातायात नियमों संकेतों एवं चिन्हों की जानकारी प्रदान करना, यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों को गुलाब फूल भेंट कर भविष्य में नियम का उल्लंघन न करने की प्रतिज्ञा शामिल है। समापन समारोह कार्यक्रम के सफल आयोजन में सम्मानित होने वालों में एनएसएस जिला संगठक एम सी हिमधर प्राचार्य रंजना नीलिमा कश्यप, जिला एनसीसी अधिकारी संजीव जायसवाल, व्याख्याता रविकांत मिश्रा, चेतनारायण कश्यप, सहायक ग्रेड-3 अमृतांशु मिश्रा, रोहित साहू, स्वास्थ्य विभाग से मुख्य स्वास्थ्य एवं चिकित्सा अधिकारी डॉ रामेश्वर शर्मा, नेत्र चिकित्सक डॉ. आरएस सेंगर, अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ. जीएस पैकरा आरएचओ मयंक तिवारी शामिल रहे। समापन समारोह कार्यक्रम के दौरान उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय धीरेंद्र पटेल डीएसपी करण कुमार जिला सेनानी नगर सेना शेखर नारायण बोरवड़कर, रक्षित निरीक्षक विक्रम बघेल, थाना प्रभारी लक्ष्मण पटेल, यातायात प्रभारी एस.आर. राजवाड़े जिला परिवहन अधिकारी अरविंद भगत, जिला खेल अधिकारी राजेंद्र सिंह सहित गणमान्य नागरिक गण, शिक्षक गण एवं भिन्न शैक्षिक संस्थाओं से आए छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।



बैकुंठपुर। प्रतिभागियों को पुरस्कृत करते अतिथि • नईदुनिया



बैकुंठपुर। कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारी और नागरिक • नईदुनिया

...पार्षद ने ... गंदगी फैला...

PRINCIPAL
GOVT. NAWEEN GIRLS COLLEGE
BAIKUNTHPUR, KOREA (C.G.)

Govt. Naween Girl's College
AISHE C-9716
BAIKUNTHPUR

कार्यक्रम अधिकारी
शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय
बैकुण्ठपुर, कोरिया (छ.ग.)

एड्स दिवस

सभी कर्मचारी व नागरिक उपस्थित रहे।

अंबिकावाणी 2 दिसंबर

# एड्स दिवस पर भाषण निबंध व संगोष्ठी का आयोजन



बैकुण्ठपुर/ शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय बैकुण्ठपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना के बैनर तले विश्व एड्स दिवस पर तात्कालिक भाषण निबंध व संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में कु0 शक्ति, कु0 कौसर बानो, कु0 रोशनी द्वारा अपने-अपने विचार व्यक्त किये गये तत्पश्चात डॉ0 मनीषा सक्सेना स.प्रा. प्राणीशास्त्र, द्वारा एड्स क्या है, कैसे होता है व इसके बचाव के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया व छात्राओं को जागरूक रहने व आस पास के लोगो को जागरूक करने की बात कही। संगोष्ठी में प्राचार्य श्रीमती अनुराधा पॉल, कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 रंजना नीलिमा कच्छप, डॉ0 कामिनी, श्री के.जेड.उस्मानी, श्री विपिन सिंह, श्री महेन्द्र कुर्रे, श्रीमती दीपशिखा मिश्रा, कु0 नासमा बेगम, श्रीमती अल्का दुबे, कु0 अंकिता दुबे, श्री सत्येन्द्र पैकरा, श्री बिनयामिन लकडा, उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन कु0 शांति राजवाडे ने किया तथा आभार प्रदर्शन कु0 संगीता जायसवाल ने किया।

कोरिया की खबरें पृष्ठ 6 पर भी पढ़ें

अंबिकावाणी 2 दिसंबर 2018

Govt. Naveen Girl's College
AISHE
C-9716
BAIKUNTHPUR


कार्यक्रम अधिकारी
शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय
बैकुण्ठपुर, कोरिया (छ.ग.)

# शास० नवीन कन्या महाविद्यालय बैकुण्ठपुर जिला कोरिया रा०से०यो० महिला ईकाई

## मतदाता जागरूकता पर विविध कार्यक्रम अक्टूबर 2018



रंगोली प्रतियोगिता




मेहंदी प्रतियोगिता



पोस्टर प्रतियोगिता




वॉल पेंटिंग



Govt. Naveen Girl's College
AISHE
C-9716
BAIKUNTHPUR

कार्यक्रम अधिकारी
शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय
बैकुण्ठपुर, कोरिया (छ.ग.)

अंबिकावाणी 10 मार्च 2021

...म्बिकावाणी समाचार) - मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.रामेश्वर शर्मा ने बताया कि आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना एवं डॉ.खूबचंद ...ा योजना अन्तर्गत जिले के अधिक से अधिक हितग्राहीयों को लाभ देने के उद्देश्य से ह्रआपके द्वार आयुष्मानह्न कार्यक्रम का क्रियान्वयन किया जा रहा है। इसके ...योजनांतर्गत पंजीकृत स्वास्थ्य केंद्रों तथा एक्टिव लोक सेवा केंद्रों में 31 मार्च तक निःशुल्क पात्रतानुसार आयुष्मान भारत ई-कार्ड बनाया जा रहा है। इस हेतु ...र्थक जातीय जनगणना 2011 के बीपीएल परिवार एवं समस्त राशनकार्डधारी परिवार को अपना राशन कार्ड एवं आधार कार्ड व मोबाईल नंबर लाना अनिवार्य है। ...री के लिए अपने ग्राम के सरपंच, सचिव, एनएम, मितानिन, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं स्वास्थ्य कार्यकर्ता से संपर्क कर सकते है।



# लैंगिक विभेद और स्त्री जीवन विषय पर महाविद्यालय में संगोष्ठी का आयोजन





बैकुण्ठपुर (अम्बिकावाणी समाचार) - 8 मार्च 2021 को शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय, बैकुंठपुर की आई.क्यू.ए.सी और एन.एस.एस. के संयुक्त तत्वाधान में लैंगिक विभेद और स्त्री जीवन विषयक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्राचार्य डॉ. रंजना नीलिमा कच्छप के उद्घाटन भाषण से हुई। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता डॉ. उमा गुप्ता (सहायक प्रवक्ता, दिल्ली विश्वविद्यालय), विशिष्ट अतिथि महेश राज(सचिव, विधिक साक्षरता), सुश्री रश्मि नेताम (मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट), सुश्री रेशमा बैरागी (व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-1), डॉ. सबा परवीन (मेडिकल ऑफिसर, जिला अस्पताल बैकुण्ठपुर) ने शिरकत की। छात्राओं ने करमा और बस्तरिया लोक नृत्यों, काव्य पाठ और महिला मुद्दों पर नाट्य प्रस्तुति के साथ सफलतापूर्वक इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम को अंजाम दिया। अपने वक्तव्य में महेश राज ने कहा कि महिला सशक्तिकरण आज अपने असल मायनों में चरितार्थ हो रहा है। जब महिलाएँ घरेलू जिम्मेदारियों के अतिरिक्त समाज और देश को नेतृत्व देने की भूमिकाओं में आ रही हैं, इससे न केवल महिलाएँ मजबूत हो रही हैं अपितु पूरा समाज मजबूत हो रहा है। डॉ. सबा परवीन जो पेशे से चिकित्सक हैं, उन्होंने महिलाओं के स्वास्थ्य सम्बन्धी अपने कई व्यक्तिगत अनुभवों को छात्राओं के साथ साझा किया। उन्हें अपने शारीरिक स्वास्थ्य के साथ साथ मानसिक स्वास्थ्य के प्रति भी जागरूक रहने कि सलाह दी। स्त्री रोगों के प्रति संकोच के स्थान पर सजगता का रवैया अपनाने की बात कही। सुश्री रश्मि ने छात्राओं को कई महत्वपूर्ण कानूनी जानकारियों के साथ संविधान और विधि द्वारा महिलाओं को प्राप्त विशेष अधिकारों से अवगत करवाया। साथ ही छात्राओं के प्रश्नों और जिज्ञासाओं पर भी चर्चा की। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता डॉ उमा गुप्ता ने अपनी बातचीत की शुरूआत महिला अधिकारों के प्रति सचेत करने वाले कुछ नारों के साथ की। उनके इस नारे में साथ देते वक्त लड़कियों की खुशी झलक रही थी और उन्होंने बहुत उत्साह के साथ इसमें भागीदारी की। अपनी बात को आगे बढ़ाते हुए उन्होंने महिला दिवस मनाये जाने के कारणों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि पहली बार 8 मार्च 1857 को न्यूयार्क में कपड़ा मजदूर महिलाओं ने 8 घंटे काम, वोट डालने का अधिकार, यूनियन बनाने का अधिकार, न्यूनतम वेतन और बालश्रम से मुक्ति की मांग को लेकर मार्च किया, जिसके प्रतीक स्वरूप आगे चलकर 8 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया जाने लगा। इसके पश्चात उन्होंने पहली महिला शिक्षिका सावित्री बाई फुले, फातिमा शेख और पहली महिला डाक्टर आनंदी गोपाल के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए कहा कि उनके और उन जैसी अनेक जुझारू महिलाओं के संघर्षों की बदौलत हम यहाँ कन्या महाविद्यालय के प्रांगण में महिला दिवस मना पा रहे हैं। आगे उन्होंने कहा कि सेक्स और जेंडर के बीच के बारीक अंतर को हमें समझने की आवश्यकता है। प्रकृति इंसान को अलग-अलग सेक्स के रूप में पैदा करती है लेकिन उनका जेंडर के रूप में विभाजन हमने बनाया हुआ है। जेंडरगत विभाजन ही स्त्री को निचले और पुरुष को ऊँचे दर्जे पर स्थापित करता है।


कार्यक्रम अधिकारी
शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय
बैकुण्ठपुर, कोरिया (छ.ग.)

PRINCIPAL
GOVT. NAVEEN GIRLS COLLEGE
BAIKUNTHPUR, KOREA (C.G.)


AISHE C-9716

# 08 मार्च 2021 अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर संगोष्ठी (लैंगिक विभेद एवं स्त्री जीवन) एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम









AISHE C-9716

PRINCIPAL
GOVT. NAVEEN GIRLS COLLEGE
BAIKUNTHPUR, KOREA (C.G.)

कार्यक्रम अधिकारी
शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय
बैकुण्ठपुर, कोरिया (छ.ग.)